न0. 01/04/2026–1परीक्षा,
हरियाणा सरकार,
मुख्य सचिव कार्यालय,
केन्द्रीय परीक्षा समिति, हरियाणा।

नोटिस

यह ध्यान में लाया जाता है कि हरियाणा सिविल सचिवालय में कार्यरत कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक से वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक व आशुलिपिक से कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के पद पर पदोन्नति हेतू विभागीय परीक्षा का आयोजन दिनांक 25.07.2026 (शनिवार) को समय 11:00 से 01:00 बजे व 02:00 से 04:00 बजे तक आयोजित करवाये जाने का निर्णय लिया गया है।

वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के पद पर पदोन्नति हेतू परीक्षा दौरान कार्यवाही निम्न प्रकार से अमल में लाई जाएगीः–

1. जो कि उक्त परीक्षा के लिए कुल 4 पैसेज डिकडेट करवाये जाएगें जिसमें दो हिन्दी भाषा व दो अंग्रेजी भाषा के होंगें।
2. दो पैसेज अंग्रेजी भाषा के 250–250 शब्द (कुल 500 शब्द) (समय 2½+2½=5 मिनट) जो कि 100 शब्द प्रति मिनट की गति से डिकडेट करवाये जाएगें।
3. दो पैसेज हिन्दी भाषा के 200–200 शब्द कुल 400 शब्द (समय 2½+2½=5 मिनट) जो कि 80 शब्द प्रति मिनट की गति से डिकडेट करवाये जाएगें।
4. डिकडेट का कुल समय (5 मिनट अंग्रेजी भाषा तथा 5 मिनट हिन्दी भाषा) के होंगें।
5. अग्रेंजी भाषा का पैसेज 20 शब्द प्रति मिनट की गति से (12½-12½ मिनट में दो पैसेज) टाईप करने होंगें।
6. हिन्दी भाषा का पैसेज 15 शब्द प्रति मिनट की गति से (13½-13½ मिनट में दो पैसेज) टाईप करने होंगें।
7. जो परीक्षार्थी 4 प्रतिशत से अधिक गलती नही करेंगें, उनको ही उतीर्ण माना जाएगा।

कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के पद पर पदोन्नति हेतू परीक्षा दौरान कार्यवाही निम्न प्रकार से अमल में लाई जाएगीः–

1. जो कि उक्त परीक्षा हेतू कुल 3 पैसेज डिकडेट करवाये जाएगें जिसमें एक पैसेज अंग्रेजी भाषा का व दो पैसेज हिन्दी भाषा के होंगें।
2. अंग्रेजी भाषा का पैसेज 250 शब्द जो कि 100 शब्द प्रति मिनट की गति से, (समय 2½ मिनट) डिकडेट करवाये जाएगें।
3. दो पैसेज हिन्दी भाषा 200–200 शब्द (कुल 400 शब्द) जो कि 80 शब्द प्रति मिनट की गति से (समय 2½+2½=5 मिनट) डिकडेट करवाये जाएगें।
4. अग्रेंजी भाषा का पैसेज 20 शब्द प्रति मिनट की गति से (12½ मिनट में) टाईप करने होंगें ।
5. हिन्दी भाषा का पैसेज 15 शब्द प्रति मिनट की गति से (13½-13½ मिनट में) दो पैसेज टाईप करने होंगें।
6. जो परीक्षार्थी 8 प्रतिशत से अधिक गलती नही करेंगें, उनको ही उतीर्ण माना जाएगा।

जो पात्र कर्मचारी इस परीक्षा में बैठने के इच्छुक हों, वे अपना आवेदन पत्र अपनी नियुक्ति स्थान, पिता का नाम, सचिवालय में नियुक्ति की तिथि देते हुए दिनांक 14.07.2026 तक सचिवालय स्थापना शाखा–II में भिजवाना सुनिश्चित करें।

दिनांक चण्ड़ीगढ
01 जूलाई, 2026

अनुराग रस्तोगी,
मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार।

पृ0 कमांक 01/04/2026–1परीक्षा		दिनांकः 02.07.2026

इसकी एक प्रति हरियाणा सिविल सचिवालय स्थापना शाखा–II को इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है कि विभागीय नियमानुसार योग्य उम्मीदवारों के नाम दिनांक 16.07.2026 तक केन्द्रीय परीक्षा समिति को भेजना सुनिश्चित करें।

-Sd-
अवर सचिव
केन्द्रीय परीक्षा समिति

पृ0 कमांक 01/04/2026–1परीक्षा		दिनांकः 02.07.2026

इसकी एक प्रति हरियाणा सिविल सचिवालय के सभी कार्यालयों में इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है कि उनके कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिको व आशुलिपिको को उक्त नोटिस बारे अपने स्तर पर सूचित करना सूनिश्चित करें।

अवर सचिव
केन्द्रीय परीक्षा समिति